## एक नजर में

### नगर में राम कथा का आयोजन कल से

**छापीहेड़ा 22 अगस्त, स.** स्थानीय कांकरिया रोड़ हनुमान मंदिर प्रांगण में कल से वाराणसी के प्रसिद्ध रामकथा वाचक संत धर्मवीर शास्त्री के श्रीमुख से रामकथा का भव्य आयोजन होगा. शनिवार को बाजार चोक श्रीराम मंदिर प्रांगण से शाम 5 बजे नगर के मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकलेगी जो कथा स्थल कांकरिया रोड़ हनुमान मंदिर पहुंचेगी. कथा प्रतिदिन रात्रि 8 से 11 बजे तक होगी. श्रीसिद्ध बालाजी सेवा समिति कांकरिया रोड़ के तत्वाधान में आयोजित कथा की पूर्णाहुति 30 अगस्त को होगी. धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया गया है.

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु करे आवेदन

**राजगढ़ 22 अगस्त, का.** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा बताया गया कि जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया सुस्तानी राजगढ़ में कक्षा 6वीं में सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं. ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 सितम्बर, 2024 है. परीक्षा 18 जनवरी 2025 शनिवार को आयोजित की जाएगी. वर्तमान में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी ही आवेदन कर सकते है. वे छात्र ही आवेदन के पात्र है जिनके पालक राजगढ़ जिले के निवासी हो तथा वर्तमान में छात्र राजगढ़ जिले में ही कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हो तथा छात्र का जन्म 01.05.2013 से 31.07.2015 के बीच हो.

### पत्नी को लेने आ रहे व्यक्ति की मौत

**ब्यावरा 22 अगस्त, का.** गुरुवार की दोपहर मुल्तानपुरा स्थित सीएम राइज स्कूल के सामने एक बाईक असंतुलित होकर डिवाइडर से जा टकराई जिससे बाईक सवार व्यक्ति की गंभीर चोट के चलते मौत हो गई. जबकि उसका पुत्र बाल-बाल बचा. देहात पुलिस के अनुसार तलेन थानांतर्गत ग्राम टिकोद निवासी जितेन्द्र पिता बाबूलाल वाल्मिकी उम्र 35 वर्ष अपने पुत्र उम्र 10-12 वर्ष के साथ बाईक द्वारा ससुराल ग्राम ढकोरा में पत्नी को लेने आ रहा था तभी मुल्तानपुरा में सीएम राइज स्कूल के सामने अनियंत्रित होकर बाईक डिवाइडर से जा टकराई. प्रधान आरक्षक उधम सिंह के अनुसार डिवाइडर के एंगल से बाइक सवार को सीने में गंभीर चोट आई. जबकि उसका पुत्र उछटकर दूर जा गिरा. जिसे मामूली चोट आई. गंभीर घायल बाइक सवार एवं उसके पुत्र को सिविल अस्पताल ले जाया गया. जहां बाईक सवार ने दम तोड़ दिया. उसका पुत्र सकुशल है. पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है.

### मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में करे आवेदन

**राजगढ़ 22 अगस्त, का.** मध्यप्रदेश शासन पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम म.प्र. भोपाल द्वारा पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्गो के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री उद्यम योजना एवं स्वरोजगार योजना का क्रियान्वयन विभागीय समस्त पोर्टल के माध्यम से संचालित किया जा रहा है।जिले के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्गों के हितग्राही एमपी ऑनलाईन के माध्यम से समस्त पोर्टल पर आधार कार्ड, समग्रआईडी, जाति, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण, 12वी कक्षा की अंक सूची आदि दस्तावेज संलग्न कर ऑन लाईन आवेदन कर बैंकों से विभिन्न उद्देश्यों हेतु ऋण राशि प्राप्त कर योजना से लाभांवित हो सकते है. योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग कक्ष क्रमांक 124 कलेक्ट्रेट भवन से प्राप्त कर सकते है.

# कलेक्टर ने खेत, जमीन, कार्यालय नापे

## किसानों की फसल देखने खेतों के रास्ते बाइक से पहुंचे

**तहसील, एसडीएम कार्यालय खिलचीपुर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण**

**कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर वास्तविकता जानी**





**नवभारत न्यूज**
**राजगढ 22 अगस्त,** कलेक्टर राजस्व विभाग की मैदानी हकीकत जानने खेत-खलिहान, कुएं-जमीन और राजस्व विभाग के कार्यालयों पर जा रहे है. उन्होंने आज खिलचीपुर तहसील एवं एसडीएम कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कई कर्मचारियों की लापरवाही को करीब से देखा व उन्हें हिदायत दी.

कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा इस समय जिले में राजस्व महाअभियान को लेकर सजग सतर्क है. उनका फौकस गांवों में जमीन को लेकर पुराने प्रकरणों का निराकरण कराने में है. वे राजस्व महा अभियान में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से मैदानी अमले को सक्रिय करने में जुटे है. उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ई-केवायसी के कार्यो की प्रगति देखी व इससे जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की.

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने गुरूवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी. इस दौरान उन्होंने कृषि भूमि के ई-केवायसी कार्य का भी निरीक्षण किया. खिलचीपुर में एसडीएम, तहसील एवं जनपद कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यावस्था, देखी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

### कमियों को तलाश कर सचेत किया कलेक्टर ने

कलेक्टर ने आज तहसील, एसडीएम एवं जनपद कार्यालय खिलचीपुर के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों के सेवा अभिलेख, कैशबुक एवं बिल रजिस्टर का अवलोकन किया. उन्होंने कर्मचारियों की कमियों को देखा और सचेत करते हुए चैताया कि अगर उनके द्वारा जो लापरवाही, अनदेखी की जा रही है अगर इसमें सुधार नहीं हुआ तो उनसे बुरा कोई नहीं होगा.

श्री मिश्रा ने तहसील न्यायालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में पाई गई खामी में आवश्यक सुधार के निर्देश दिए. राजस्व अधिकारियों का राजस्व महा अभियान में बेहतर प्रगति लाने के लिए भी निर्देशित किया. उन्होंने कहा कि समूचे जिले में राजस्व अभियान के बेहतर परिणाम परिलक्षित होना चाहिए.

कलेक्टर के कार्यालय पहुंचने की भनक जैसे ही कर्मचारियों को लगी वह दौड़ते-भागते हुए कार्यालय जा पहुंचे. कलेक्टर द्वारा कर्मचारियों के इस तरह अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर द्वारा गहरी नाराजगी जताते हुए भविष्य में समय पर कार्यालय आने की सख्त हिदायत दी.

### बाइक से पहुंचे किसान की फसल देखने

कलेक्टर ने मोटर साईकिल पर बैठकर फसलों की स्थिति एवं शासकीय योजना अंतर्गत निर्मित हुए कुएं का अवलोकन किया. ग्राम खुरचानिया पहुंचकर वहां भी ई-केवायसी पंजीयन का निरीक्षण कर पंजीयन में गति लाने के निर्देश दिए. ग्रामीणों द्वारा यहां पेयजल की समस्यां से अवगत कराया. कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महीप किशोर तेजस्वी के साथ ग्राम फतेहपुर पहुंचकर वहां शासकीय योजना अंतर्गत निर्मित हुए स्कूल एवं ई-केवायसी पंजीयन व्यवस्थओं का निरीक्षण किया. इस दौरान जमीन बटांकन और नक्शा, तरमीम आदि कार्यो का अवलोकन किया.

### एसडीएम सहित कर्मचारी मिले नदारद

नवागत जिला कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरुवार की दोपहर खिलचीपुर पहुंचकर एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया. जिसमें एसडीएम सहित कई कर्मचारी नदारद मिले. इस पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने अनुपस्थित कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए समय पर कार्यालय आने की हिदायत देते हुए कड़ी कार्यवाई की बात कही.

जिला कलेक्टर दोपहर करीब 12.30 बजे खिलचीपुर स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचे. मौके पर वहां तीन-चार कर्मचारी ही मिले. जबकि एसडीएम एवं अन्य कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले. कलेक्टर के आने की जानकारी लगते ही एसडीएम सुशील कुमार तुरंत कार्यालय पहुंचे. जानकारी के अनुसार वह किसी मिटिंग में गये हुए थे.

## नक्शा तरमीम एवं इकेवाइसी कार्यों में लापरवाही पर कार्यवाहीं

**राजगढ़ 22 अगस्त, का.** सरकार द्वारा नामान्तरण, बंटवारा, नक्शा तरमीम, रिकार्ड दुरूस्ती ई-केवायसी संबंधी कार्य समय सीमा में किये जाने के उददेश्य से राजस्व सेवा अभियान 2.0 चलाया गया है. जिसमें प्रत्येक गांव में उक्त कार्य को समय सीमा में पूर्ण किया जाना आवश्यक है. राजस्व सेवा अभियान के तहत पटवारी मांगीलाल वर्मा द्वारा नक्शा तरमीम एवं इकेवाइसी से संबंधित कार्यों में आशानुरूप कार्य नहीं करने पर अनुविभागीय अधिकारी राजगढ़ रत्नेश श्रीवास्तीव द्वारा वेतनवृद्धि रोकने के आदेश दिए हैं. राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने में लापरवाही बरतने पर पटवारी पिपलोदी दीनदयाल भिलाला एवं पटवारी राजगढ़ मोहन जादम को नोटिस जारी किया गया है. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगपुर संजय उपाध्याय द्वारा नक्शा तरमीम का कार्य में लापरवाही बरतने पर पटवारी हल्का नंबर 5 बाबूलाल मेडा की एक वेतनवृद्धि तथा नक्शा तरमीम, ई-केवायसी संबंधी कार्य एवं रेत का अवैध उत्खपनन एवं भण्डारण के मामले में लापरवाह पटवारी रमेश मालवीय को निलंबित किया गया है.



# दशकों बाद दूर होगी पानी निकासी की समस्या

**वार्ड 11 में पार्षद, नपाध्यक्ष ने समस्या के निदान हेतु किया प्रयास**

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 22 अगस्त, का.** नगर के वार्ड क्रमांक 11 मेन मार्केट स्थित साहू कॉम्पलेक्स के पीछे रहवासी क्षेत्र में दशकों से पानी निकासी की समस्या बनी हुई थी. यहां वर्षो पूर्व नाली जमींदोज होने के बाद से समस्या बनी आ रही थी. इसको लेकर रहवासी खासे परेशान थे. इस समस्या के स्थाई निदान हेतु नपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद ने नवीन नाली निर्माण कार्य शुरू कराया.

गौरतलब है कि साहू कॉम्पलेक्स के पीछे करीब पांच दशक पूर्व नाली निर्माण हुआ था. जिसका वर्तमान में अस्तित्व मिट चुका है. वर्षो से रहवासियों को पानी निकासी के कारण कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था. वार्ड पार्षद श्रीमती रुचि रवि बड़ोने और नपाध्यक्ष प्रति. पवन कुशवाह ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए यहां स्थायी नाली निर्माण का निर्णय लेते हुए इसका भूमिपूजन किया.

इस मौके पर विष्णु मंगल, राजकुमार मंगल, महेश मोदानी, राम साहू, दाऊद भाई, वकार भाई, रामगोपाल शर्मा, मुकेश सेन, सुनील दांगी, अरुण दांगी सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

# विधायक ने किया राज्य स्तरीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**राजगढ़ 22 अगस्त, का.** जिला मुख्यांलय के उत्कृष्ट परिसर में गुरूवार को राज्य स्तभरीय अंर्तविद्यालय व्हालीबॉल प्रतियोगिता का शुभांरभ हुआ. उक्त प्रतियोगिता में 10 संभागों के 40 टीम भाग ले रही हैं. प्रतियोगिता 17 वर्ष से कम आयु के बालक/बालिका के लिए है.

प्रतियोगिता का शुभारंभ राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव ने करते हुए कहा कि हार जीत की चिंता किए बगैर सभी खिलाडी पूरे मनोयोग के साथ प्रतियोगिता में भाग लें एवं खेल भावना से खेलें. हर खिलाडी का प्रयास प्रतियोगिता में जीतने के लिए होना चाहिए. उन्होंने कहा की बाहर से आए सभी खिलाडियों के रूकने के लिए जिला मुख्यालय पर समुचित व्यवस्था की गई हैं. किसी भी खिलाडी को ठहरने में असुविधा नहीं होगी.

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने खिलाडियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती. सभी टीमों के खिलाडियों से अपेक्षा है कि वे अपनी बेहतर क्षमता के साथ प्रतियोगिता में भाग लें एवं जीत का परचम फहरांए. प्रतियोगिता का शुभारंभ भोपाल एवं ग्वालियार की टीम के मैच के साथ हुआ.

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजगढ़ रत्नेश श्रीवास्तव नगर पालिका अध्यअक्ष विनोद साहू, जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला, शिक्षा विभाग के स्पोर्ट ऑफीसर महेन्द्रा सिंह परमार, संभागीय खेल और युवा कल्याणि अधिकारी श्रीमती शर्मिला डॉबर, उत्कृष्ट प्राचार्य महेश गुप्ता मौजूद थे. संचालन महेश पिपलोटिया द्वारा किया गया. प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 3 लाखे, द्वितीय विजेता टीम को 2 लाख एवं तृतीय विजेता टीम को 1 लाख रूपये का ईनाम दिया जाएगा. प्रतियोगिता भोपाल, इंदौर, जबलपुर, नर्मदापुरम, सागर, उज्जैभन, रीवा, शहडोल, ग्वालियर एवं आदिवासी विकास विभाग की टीमें भाग ले रही हैं.

## आधे घंटे हुई बारिश

**ब्यावरा 22 अगस्त, का.** गुरुवार को शाम के समय नगर में आकाशीय गर्जना के साथ करीब आधे घंटे बारिश हुई, इससे फसलों को फायदा होने के साथ ही गर्मी से कुछ राहत मिल सकेगी. गौरतलब है कि नगर सहित जिले में रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी है. बुधवार को राजगढ़ में एक घंटे से बारिश हुई. इसके पूर्व मलावर क्षेत्र में काफी तेज बारिश हुई.

# युवक तेज बहाव में बहा



**नवभारत न्यूज**
**पीलूखेड़ी 22 अगस्त, स.** पीलूखेड़ी स्थित पार्वती नदी में दोस्तो के साथ नहाने गया एक युवक पानी के तेज बहाव में बह गया. ग्रामीणों एवं बचाव दल के द्वारा युवक की सरगर्मी से तलाश की जा रही है.

जानकारी के अनुसार ग्राम पीलूखेड़ी निवासी युवक आरिफ पिता शिताब खां उम्र 28 वर्ष प्रात: करीब 11 बजे अपने दोस्तो के साथ पार्वती नदी पर नहाने गया हुआ था. यह हाईवे ब्रीज के यहां डेम के समीप नहा रहे थे इसी बीच युवक गहरे पानी में जा पहुंचा. युवक के एक तीन वर्षीय बालिका तथा एक तीन माह का बालक है.

**बचाने का प्रयास किया** - पानी के तेज बहाव में युवक को डूबता देख वहां मौजूद एक अन्य युवक द्वारा उसे साफी के सहारे गहरे पानी से बाहर निकालने का प्रयास भी किया गया किंतु पानी का बहाव इतना तेज था कि वह युवक को बहा ले गया.

**गांव के युवा जुटे तलाश में** - युवक के पानी में बहने की जानकारी लगते ही मौके पर बड़ी संख्या में पीलूखेड़ी के युवा पहुंचे तथा युवक की तलाश में जुट गये. जानकारी लगते ही तहसीलदार अंगारिका कनोजिया, कुरावर थाना प्रभारी मेहताब सिंह राजस्व, पुलिस अमले के साथ मौके पर पहुंचे. राजगढ़ से भी एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची तभा बचाव कार्य में जुट गई. देर शाम तक युवक की तलाश की जा रही थी. एसडीआरएफ की टीम में प्रभारी प्लाटून कमांडर रणजीत सिंह भिलाला, सदस्यों में ईश्वर, मोहन, रामकृष्ण, योगेंद्र, विनोद, शिवनारायण वर्मा शामिल है.



# बंद करें बिजली कटौती

**सारंगपुर 22 अगस्त, सं.** जिले में आ रही विद्युत समस्या के निराकरण हेतु विद्युत विभाग राजगढ़ के समस्त अधिकारियो की सारंगपुर में राज्य मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने बैठक ली. जिसमे असमय अघोषित बिजली कटौती बंद करने के निर्देश दिए. बैठक में मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, सतीश बैस, घनश्याम नागर, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, जनपद उपाध्यक्ष कैलाश नागर वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, भाजपा उपाध्यक्ष अक्षय सक्सेना, नगर पंचायत अध्यक्ष पचोर विकास करोड़िया, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, जिला मंत्री भाजपा राधेश्याम गुर्जर, रमेश लौवंशी श्याम राजपूत, उपस्थित रहे.

# पानी से भरी खदान में डूबा कर्मचारी



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 22 अगस्त, का.** गुना रोड पर जोडक्या मंदिर धाम के सामने विशालकाय खदान में भरे पानी में वहीं काम करने वाला कर्मचारी नहाते समय डूब गया. एसडीईआरएफ राजगढ़ की टीम द्वारा देर शाम तक व्यक्ति की तलाश की जा रही थी.

जानकारी के अनुसार कालीपीठ थानांतर्गत ग्राम जोगीदाता स्थित जोड़क्या मंदिर के सामने दिलीप विल्डकॉन कंपनी की जगह में विशालकाय खदान है जिसमें तालाब की तरह बारिश का पानी भरा हुआ है. बताया जाता है कि

खदान में काम करने वाला राज प्रजापति पिता रामचंद्र प्रजापति उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम शिकारपुरा तहसील तिलहर थाना जयतीपुर उत्तर प्रदेश दोपहर 1 बजे नहा रहा था तभी गहरे पानी में डूब गया. जानकारी लगने पर एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड की टीम राजगढ़ से मौके पर पहुंची.

टीम के प्रभारी पीसी सुनील कुमार अहिरवाल ने बताया कि जानकारी मिलते ही टीम के साथ मौके पर रवाना हुए तथा डूबे हुए व्यक्ति की तलाशी का कार्य जारी है.


**पांच साल पूर्व भी हुई थी घटना** - जानकारी के अनुसार करीब पांच साल पूर्व भी इसी तरह खदान में भरे पानी में एक मजदूर कर्मचारी की डूबने से मौत हो गई थी.

**परेशानी**

## जिले में एक माह से सीएनजी पम्प के 7 पाईंट हैं बंद

# सीएनजी पम्प बंद होने से ग्राहक परेशान

**सीएनजी ऑटो चालकों को किश्त तक जमा करने में आ रहा पसीना**




**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 21 अगस्त, का.** जिले में सीएनजी के 7 पम्प बंद होने से सीएनजी संचालित वाहन संचालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. गत एक माह से यह सीएनजी पम्प के पाईंट प्रशासन के द्वारा बंद कर दिए गये. बताया जा रहा है कि यह पंप बिना लायसेंस के चलाए जा रहे थे.

गौरतलब है कि जिले में 9 स्थानों के सीएनजी पम्प में से 7 पम्प बंद कर दिए गये. वर्तमान में जिले के दो जगह जीरापुर, करेड़ी के सीएनजी पम्प ही चालू है. जबकि ब्यावरा के 2 सीएनजी पम्प, जीरापुर, खिलचीपुर, राजगढ़, पचोर, सारंगपुर, पीलूखेड़ी में स्थित एक-एक सीएनजी पम्प है जो सभी बंद है. जानकारी के अनुसार जिले के जो सीएनजी पम्प बंद किए गये है उन पम्प संचालकों के पास लायसेंस नहीं है. महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जब पंप संचालकों के पास लायसेंस के दस्तावेज नहीं थे तो उनका संचालन क्यों शुरू कर दिया गया था.

### वाहन चालक हो रहे है परेशान

सीएनजी वाहन संचालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. ब्यावरा में ही विगत माह पूर्व बड़ी संख्या में सीएनजी संचालित ऑटो लाए गये. अब सीएनजी पम्प बंद होने से इन ऑटो संचालकों को भारी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सीएनजी के अभाव में पट्रोल से ऑटो चलाना पड़ रहा है जिसके कारण आर्थिक बोझ बढ़ने से यह अपनी ऑटो की किश्त तक जमा नहीं कर पा रहे है. साथ ही हाईवे से गुजरने वाले सीएनजी ट्रक वालों को भी जिले में सीएनजी पम्प बंद होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.


In The court of civil judge class -1, Biaora District Rajgarh (M.P)
Presiding Officer
**श्रीमती रानो बघेल**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**
(MJC SUC/0000008/2024)
**सावित्रीबाई साहू .......... आवेदक**
**प्रबंधक/सचिव महोदय एचसीएल इनफोसिम ............. अनावेदक**
Process Id-/2024
पेशी दिनांक 18.09.2024
**प्रेषित - 1. सर्व साधारण एवं अन्य सर्वसाधारण एवं अन्य**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सावित्री बाई साहू ने मृतक मनोज कुमार साहू पिता कैलाश चन्द्र साहू निवासी पुनीत टॉकीज के पास सुठालिया रोड ब्यावरा जिला राजगढ़ म.प्र. की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदक किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 18 सितम्बर 2024 को नियत है. यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 18 सितम्बर 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे. सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा.

आज दिनांक 14/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी की जाती है.
यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.

**विनय कुमार तिवारी**
**व्यवहार न्याधाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**जीरापुर जिला राजगढ़ म.प्र.**



**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार India Shelter Finance, Corp.Ltd. से हरिओम मीणा पिता विश्राम मीणा व पूजाबाई पति हरिओम जाति मीणा निवासी ग्राम कलाली तहसील नरसिंहगढ जिला राजगढ म.प्र. द्वारा भवन क्रमांक 14 प.ह.नं. 85 क्षेत्रफल 90×45=4050 वर्ग फिट या 376.394 वर्गमीटर ग्राम ग्राम कलाली तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ म.प्र. जिसकी चर्तुसिमा पूर्व दिशा में शासकीय भूमि पश्चिम दिशा में स्वयं की भूमि उत्तर दिशा में निजी भूमि, दक्षिण दिशा में आम रास्ता स्थित है उक्त मकान नं. 14 क्षेत्रफल 4050 वर्ग फिट हरिओम मीणा पिता विश्राम मीणा ने दिनांक 16.08. 2024 को रजिस्टर्ड सह-स्वमीत्व पत्र क्रमांक MP309872024A11036708 द्वारा पूजाबाई पति हरिओम के पक्ष में संपादित की जीस पर ऋण लिया जा रहा है. अत: सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति पर अन्य किसी संस्था, बैंक, ऋण प्रदाय संस्था या अन्य किसी व्यक्ति्त आदि का हक हित हिस्सा अधिकार हो या उक्त सम्पत्ति पर भार या लेन-देन हो या सम्पत्ति पर किसी पारिवारीक व्यक्ति सदस्य को आपत्ति या विवाद हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित मे अपनी आपत्ति दर्ज करावे ताकि आपत्ति का उचित निराकरण किया जा सके. म्यादी गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी. अत: सूचित हो.

**प्रेषक**
**आलोक कुमार गर्ग एडव्होकेट**
**सदर बाजार छावनी आगर मालवा**
**( म.प्र. ) मो.नं. 7771087777**